## एक नजर में

### सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती हेतु टोली का गठन

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी अखंड भारत के पुरोधा, लौह पुरुष सरदार वल्लभ पटेल की जयंती विभिन्न आयोजनों के बाद मनायेगी। पटेल जयंती के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जिला टोली का गठन कर दिया गया है।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि जिला टोली भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व मे गठित की गई है वे टोली संयोजक रहेगे।उनके साथ भाजयुमो जिला महामंत्री रविन्द्र पाटीदार एवं जिला उपाध्यक्ष गोरव मूणत सहसंयोजक बनाये गये है।

### पंजाबी समाज ने किया करवा चौथ आयोजन



**रतलाम।** हिन्दू पंचांग के अनुसार आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थ तिथि को इस दिन सुहागिन महिलाओं द्वारा सूर्योदय से पूर्व सरगी खाकर पूरे दिन निर्जला और निराहार रहकर पति की लम्बी आयु की कामना की गई।अखण्ड सौभाग्य की कामना को लेकर किए जाने वाले करवा चौथ व्रत को लेकर नवविवाहितों में खासा उत्साह रहा।इसी तारतम्य में पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा कल्याणी माता मंदिर प्रांगण छत्रीपुल में करवा चौथ पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर विधिवत पूजा-अर्चना की।समिति की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा वासन ने बताया कि यह आयोजन बीते तीन वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोला गया और महिलाओं ने एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं। धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत करवा चौथ व्रत की कथा का वाचन श्रीमती सीमा शर्मा द्वारा किया गया।सभी ने एक साथ कथा का श्रवण करते हुए इस पारंपरिक गीत के साथ सभी ने थालियां घुमाई वीरों कुड़िए करवड़ा ले सर्व सुहागन करवड़ा ले, करवड़ा वटा इए जो बन्दा चोली पाइए कती ना फेरी ना झूम चरकडा फेरी ना वांग पैर पईना सूतड़ा जगाई ना करवड़ा गीत के साथ सभी ने अपनी थाली घुमाते हुए कथा का श्रवण किया।सभी ने परिवार की सुख-समृद्धि एवं पति की लंबी आयु की कामना की।इस अवसर पर समिति की श्रीमती दर्शना खेड़ा, निर्मला कथूरिया, आशा कुमार, सुनीता वासन, दीपा कमरा, उमा भारद्वाज, नायसी खेड़ा, सपना शर्मा, नीरू भाटिया, साक्षी बत्ता, सोना चावला, नूतन मेहता, भारती वाधवा एवं गायत्री टंडन,सोनिया शर्मा,निधि कामरा दीपिका शर्मा आदि उपस्थित रही।

### गाँव की थीम पर स्वास्तिक ग्रुप की यादगार पार्टी – मिट्टी की खुशबू और लोकगीतों ने बाँधा समा

**रतलाम।** स्वास्तिक ग्रुप द्वारा केशव कुंज वाटिका में गाँव की थीम पर यादगार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की सभी सदस्यों ने पारंपरिक परिधान धारण कर ग्रामीण संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। दिनभर चली गतिविधियों में मिट्टी की खुशबू, लोकगीतों की धुन और पारंपरिक खेलों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप की संस्थापक अध्यक्ष सारिका डूंगर, अध्यक्ष कविता काटेड़, सचिव मनीषा गंगवाल और मनीषा चोपड़ा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के बीच हमें अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए। कार्यक्रम में महिलाओं ने ग्रामीण माहौल का आनंद लेते हुए लोकनृत्य और पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साधना पावेचा लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम विजेता रहीं, जबकि साधना द्वितीय और मधु जैन ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्वाति मेहता, सुनीता ललवानी, श्रद्धा जैन सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं। गाँव के रंगों और खुशियों से सराबोर यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 15 अक्टूबर को

**रतलाम।** सचिव जिला जल उपयोगिता समिति एवं कार्यपालन यंत्री एन.पी देव ने बताया कि वर्ष 2025-26 का रबी सिंचाई लक्ष्य निर्धारण हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की

**रतलाम।** रबी सीजन में किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, महाप्रबंधक सहकारी बैंक आलोक जैन उपायुक्त सहकारिता एन एस भाटी, उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसान लाईन में खड़ा नहीं रहे इसके लिए किसानों को टोकन सिस्टम से उर्वरक वितरण करे साथ ही उर्वरक वितरण के लिए किसानो को मोबाइल पर एसएमएस के द्वारा भी जानकारी भेजे कि उसे किस दिन समिति से उर्वरक लिनेगा। उर्वरक का परिवहन करने वाले ट्रक का रूट एवं समय निर्धारित कर ट्रक निर्धारित समय पर जिले में पहुंचे यह सुनिश्चित करे।

### अवैध कॉलोनियों के विकास शुल्क बाध्यता को करे खत्म

**जावरा।** वार्ड 11 की पार्षद रुक्मणी राजेश धाकड़ ने अवैध कॉलोनी मैं निवासरत लोगों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने को लेकर एसडीएम सुनील जायसवाल को पत्र लिखा है। जिसमें बताया कि कि भारत शासन की अति महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया महोदय के द्वारा की जा रही है। जिसमें अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को नगर पालिका परिषद् द्वारा विकास शुल्क जमा कराने की बाध्यता की जा रही है। जो कि अनुचित है, भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना गरीब व असहाय, भवनहीन लाभार्थियों के लिए है। किन्तु नगर पालिका द्वारा विकास शुल्क के नाम पर भारी राशि वसूल की जाती है। जबकि उक्त योजना के हितग्राहियों के लिए केवल राजस्व पंजीयन एवं नामांतरण की ही पात्रता चाही गई है। इस योजना में नगर पालिका में नामांतरण होना आवश्यक नहीं है। अतः महोदय से निवेदन है कि अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को विकास शुल्क की बाध्यता को खत्म करने का कष्ट करें ताकि भवन हीन अवैध कॉलोनीवासियों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके।

### चौकीदार से मारपीट करने वाले को 3 वर्ष का कारावास

**जावरा।** नगर पालिका परिषद जावरा का दैनिक वेतन भोगी के पद पर बहादुरपुर डैम मलेनी पर चौकीदारी का कार्य करता है। उसकी ड्युटी नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक मलेनी नदी पर शासकीय कार्य के लिए चौकीदारी की थी। 9 जनवरी 2022 को घर से मोटर साईकिल द्वारा मलेनी नदी डैम पर जा रहा था। वह बुपका वह मलेनी नदी डैम बहादुरपुर के बीच करीब 7 बजे पहुंचा, वहां पर ग्राम बुपका का अभियुक्त समरथ पिता निर्भयराम गुर्जर व मुन्नालाल पिता रतनलाल गुर्जर दोनों हाथ में लकड़ी लिए खड़े हुए थे व मोटर सायकल रोकी व उसका रास्ता रोका दोनो ने उसके साथ गंभीर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। घटना के पश्चात् दोनो अभियुक्तगण घटना स्थल से भाग गए। घयल होने पर जावरा अस्पताल में भर्ती कराया। छुट्टी मिलने पर थाना बड़ावदा में प्रकरण दर्ज कराया।मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश परमानन्द चौहान ने अभियुक्तगण को धारा 333 भारतीय दण्ड विधान मे 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास। 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड व धारा 353 भारतीय दण्ड विधान मे 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड व 6 गारा 341 भारतीय दण्ड विधान मे 500-500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण मे राज्य की ओर पैरवी समरथ साहू अपर लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# मानसून की विदाई...बारिश 42 इंच के पार, अब महसूस होने लगी ठंड

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** इस बार मानसून में शहर सहित जिले में अच्छी बारिश हुई और कुल आंकड़ा 42 इंच से अधिक पहुंच गया। हालांकि औसत बारिश 37 इंच होती है।

**अब होने लगी ठंड, दीपावली बाद तेजी से कम होगा तापमान**

इधर मानसून की विदाई को लेकर अभी कोई घोषणा नहीं की गई है मगर शहर में 11 अक्टूकर को मानसून की विदाई मानी जाती है। वहीं प्रदेश में भी इसी तारिख को मानसून विदा होता है। मौसम विभाग आज कल में इसकी घोषणा कर सकता है। वहीं अब तापमान में गिरावट भी होने लगी है। सुबह शाम ठंड का अहसास हो रहा है। दीपावली बाद ठंड और बढ़ेगी।



शहर में जून में आए मानसून के बाद जुलाई में अच्छी बारिश हुई और अगस्त में कम बारिश हुई थी। इसके बाद सितंबर में अधिक बारिश हुई और कुल आंकड़ा 42 इंच के पार पहुंच गया। हालांकि मौसम विभाग 30 सितंबर के बाद हुई बारिश को मानसून के बाद की बारिश मानता है। इसी तरह मई जून में होने वाली बारिश के प्री मानसून बारिश कहा जाता है। मौसम विभाग अब कभी भी मानसून की विदाई की घोषणा कर सकता है। हालांकि 10 अक्टूबर को प्रदेश के साथ ही शहर में भी मानसून विदा होगा और फिर जो भी बारिश होगी वह मानसून के बाद की बारिश होगी।

**शहर के तालाब लबालब, सबसे ज्यादा सैलाना में बारिश**

शहर में अच्छी बारिश के बाद सभी तालाब लबालब हो गए हैं। इस बार लगातार बारिश और अंतिम दौर में हुई तेज बारिश से पूरा शहर जलमग्न हुआ वहीं तालाब भी लबालब हो गए। शहर के हनुमान ताल, झाली तालाब, अमृत सागर तालाब, धोलावाड़ डेम लबालब हैं। सैलाना में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई हैं।

**पश्चिमी विक्षोभ का असर**

मौसम में अब पश्चिमी विक्षोभका असर हो रहा है। तापमान में लगातार कमी आने के बाद जहां ठंड शुरू हो गई है वहीं दीपावली के बाद ठंड बढ़ेगी और लोग गर्म कपड़े पहनने पड़ेंगे। जिले में शनिवार को अभी अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18.1 दर्ज किया गया। वहीं सुबह की आर्द्रता 71 प्रतिशत रही।



# कर्तव्य फाउंडेशन आज करेगा वस्त्र वितरण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के जागरूक युवा द्वारा बनाए गए कर्तव्य फाउंडेशन के माध्यम से जरूरतमंदों के लिए सेवा का प्रयास किया जा रहा हैं। फाउंडेशन रविवार को वस्त्र वितरण का आयोजन करेगा। वहीं दीपावली के पूर्व देशी घी के 11 हजार 111 लड्डू का वितरण किया जाएगा।

**दीपावली के पूर्व 11 हजार 111 लड्डू का वितरण बस्तियों में करेंगे**

पत्रकार वार्ता में फाउंडेशन के जय तलेरा, यश मित्तल, तनु बाफना और यश मूणत ने फाउंडेशन की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने बताया कि 6 वर्ष से समाज सेवा में सक्रिय योगदान किया जा रहा है। मिशन घर की लक्ष्मी 6.0 का आयोजन 12 अक्टूबर रविवार को सैलाना रोड स्थित साक्षी पेट्रोल पंप के पास हीरा पैलेस में किया जा रहा है, सुबह 9.30 बजे से दोपहर लगभग 1.30 बजे तक जरूरतमंदों को वस्त्र का वितरण किया जाएगा। फाउंडेशन से जुड़े लगभग 100 कार्यकर्ताओं ने इसके लिए पूर्व में ही लगभग 6000 परिवारों को टोकन का वितरण कर दिया गया है। प्रश्न के जवाब में बताया कि हम स्कूल स्कूल में जाकर अपनी गतिविधियों के बारे में बताते हैं, जहां से हमें वस्त्र का सहयोग मिलता है। हर उम्र के महिला पुरुष, बच्चे-बच्चियों के कपड़े एकत्रित किए जाते हैं। उनकी छटनी होती है। कपड़ों को परखा जाता है कि कौन से कपड़े देने योग्य है। कौन से फेंकने के काबिल हैं इस तरह कपड़ों के उम्र के अनुसार उनके कार्टून बनाकर रखे जाते हैं। 30 किलो के करीब 150 कार्टून बनाए गए हैं एक आईशर भर के कपड़े हैं, जिनका वितरण होगा। ठंड में गर्म वस्त्र का भी वितरण किया जाता है।

# बैठक में नकली कीटनाशक दवाई,बीज के विक्रय पर प्रतिबंध की मांग

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में शनिवार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ की किसानों से संबंधित विभागों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में किसान संघ के अध्यक्ष ललित पालीवाल ने किसानों की समस्याओं एवं आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**कलेक्टर बोलीं: अधिकारी किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय के साथ काम करें**



बैठक में किसान संघ अध्यक्ष श्री पालीवाल ने बताया कि किसानों को नकली कीटनाशक दवाई, बीज के विक्रय पर प्रतिबंध के लिए कार्यवाही की जाए। पशुओं का टीकाकरण एवं जांच नियमित हो। सभी किसानों को सही दाम पर पर्याप्त खाद समय पर मिले, निजी दुकानों पर अधिक दाम पर उर्वरक का विक्रय नही हो इसके लिए अधिकारी निरीक्षण करें।

किसान सम्मान निधि मे पंजीयन से छूटे किसानों का पंजीयन करवायें। विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर ग्रिड पर उचित संख्या में उपलब्धता रहें जिससे सिंचाई के समय बिजली प्रवाह निरंतर रहे। विद्युत ग्रिड पर स्थाई और अस्थाई कनेक्शन के शुल्क की जानकारी प्रदर्शित की जाये। मण्डी विभाग द्वारा मण्डियो मे बड़े तौलकाटे लगवाये जाये, मण्डी प्रांगण में किसानों के लिए पेयजल, भोजन इत्यादि की उचित व्यवस्था की जाए, मण्डी मे अवकाश की जानकारी किसानों को मोबाईल एसएमएस से त्वरित हो।

राजस्व विभाग द्वारा किसानों के सीमांकन, नामांतरण, बंटवारे के प्रकरणो का समयावधि में निराकरण किया जाए। सिचांई विभाग द्वारा स्टॉपडेम में जल संग्रहण के लिए गेट लगवायें, सिंचाई के लिए पानी छोड़ने के पहले नहरो की मरम्मत करवायें।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी। किसानों के ग्रुप में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी वीडियो के माध्यम से शेयर करने और पत्रक भी ग्रुप में शेयर करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। किसानों की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण त्वरित हो इसके लिए किसान टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज करें।

**यह रहे मौजूद**

बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान उपायुक्त सहकारिता एन एस भाटी, महाप्रबंधक सहकारी बैंक आलोक जैन सहित किसान संघ के पदाधिकारी राजीव लोचन ठाकुर, ललित पालीवाल, देवीलाल पाटीदार, भुपेन्द्र सिंह सोलंकी, कन्हैयालाल पाटीदार, सूर्यपाल सिंह चौहान, पिरचंद पाटीदार, गोविंद सिंह, धारू सिंह तंवर, शंकरलाल सिखो, गोपाल सिंह चौहान, अमित पाठक, प्रदीप पालीवाल उपस्थित थे।

**समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए 1912 पर शिकायत करें**

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी। किसानों के ग्रुप में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी वीडियो के माध्यम से शेयर करने और पत्रक भी ग्रुप में शेयर करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। किसानों की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण त्वरित हो इसके लिए किसान टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज करें।

# बीमार हुए जमुनिया शंकर के मरीजों की स्क्रीनिंग जारी



**रतलाम।** जिले के ग्राम जमुनिया शंकर ब्लॉक आलोट में बुखार के अधिक मरीज मिलने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी।

**जांच उपचार एवं सर्वे कर निगरानी रखी जा रही है**

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक सुधारात्मक एवं प्रतिबंधात्मक उपाय करने के निर्देश जारी किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, जिला मलेरिया अधिकारी एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक आलोट डॉ देवेंद्र मोर्य तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती पूजा गुप्ता द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ देवेंद्र मौर्य ने लार्वा सर्वे टीम मे नो सदस्यों को नामांकित कर ग्रामीण क्षेत्र में सघन सर्वे कर बुखार के मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया है। विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार फॉगिंग, स्प्रे आदि की कार्यवाही की जा रही है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे द्वारा बताया गया कि डेंगु को खत्म करने के लिये हमें घर से शुरूआत करनी पड़ेंगी, घर में जमा पानी की निकासी व मच्छर से बचाव के तरीके अपनाने होंगे। यदि डेंगू बीमारी के लक्षण दिखते है तो तत्काल शासकीय जिला चिकित्सालय व शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम में जाकर चिकित्सक से परामर्श, नि:शुल्क जाँच एवं उपचार ले।

**डेंगू के लक्षण:** सामान्य प्रकार के डेंगू में तेज सिरदर्द, आँखों के नीचे की और दर्द शरीर पर लाल चकते या दाने, जोडों व पेशियों में दर्द होना दिखाई देता है। डेंगू घातक होने पर उक्त लक्षणों के साथ-साथ मसुडों व आतों से रक्त का स्त्राव होना अथवा खुन में प्लेटलेट का कम हो जाते हैं। मरीज चिकित्सक सलाह से उपचार लेना चाहियें।

**डेंगू बचाव संबंधी एडवाइजरी**

डेंगू डेन वायरस से फैलने वाला संचारी रोग है। जो संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है ,यह मच्छर दिन के समय प्रायः सुबह व शाम के समय काटता है, डेंगू का कोई टीका या दवा नहीं है, अतः एडीज मच्छर के काटने से बचाव एवं संक्रमित मच्छरों के लार्वा का विनिष्टीकरण ही इसका एकमात्र उपाय है। एक बार शरीर में डेन वायरस का संक्रमण होने के बाद डेंगू बुखार के लक्षण 5-6 दिन पश्चात प्रकट होते है।



# मधुमेह चौपाल में 250 का शुगर परीक्षण किया

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब रतलाम क्लासिक तथा लायंस क्लब रतलाम गोल्ड द्वारा 80 फीट रोड स्थित हनुमानतल पर विशाल मेगा मधुमेह चौपाल लगाकर लोगों की शुगर टेस्ट कर जांच की गई।

प्रातः 7 से 9 बजे तक लगाए गए शिविर में लगभग ढाई सौ लोगों का शुगर एवं ब्लड प्रेशर परीक्षण किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि झोन चेयर पर्सन ला सरोज ओझा, लायंस क्लब क्लासिक के अध्यक्ष एम.के. जैन, सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप निगम, गोल्ड अध्यक्ष पुष्पा वासन, सचिन, संतोष पुरोहित, आरती त्रिवेदी, संतोष जोशी, कविता राजपुरोहित, बी.के. जोशी आदि उपस्थित थे।

# 5 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयनित



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जिला बास्केटबॉल संघ के पांच खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता हेतु चयनित उक्त जानकारी देते हुए संघ सचिव विजय पामेचा ने बताया कि 13.10.25 से 17 तक गुना में आयोजित जूनियर शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। पांचो खिलाड़ी उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। गत दिनों उज्जैन में आयोजित संभागीय शालेय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के आधार पर इनका चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों के नाम बालक वर्ग में करणीसिंह चंद्रावत (सेंटपॉल स्कूल) अरहम शेखावत (महावीर स्कूल) एवं बालिका वर्ग में दीप्ति भट्ट (सेंटपॉल स्कूल) प्रियांशी केथवास (सेंटपीटर स्कूल) नैंसी बारीड (त्रिमूर्ति स्कूल), उज्जैन संभागीय दल के प्रशिक्षक के रूप में संघ के वरिष्ठ प्रशिक्षक मनुदेवसिंह चंद्रावत की नियुक्ति संचालनालय भोपाल से की गयी है। संघ की इस उपलब्धि पर संघ अध्यक्ष एवं नगर विधायक डॉ राजेंद्र पांडे, एसडीएम अनिल जायसवाल, खेल गुरु व्हीपी रिछारिया, प्रकाश मेहरा, डॉ सुरेश मेहता, अशोक सेठिया, महेंद्र गंगवाल, सुशील कोचट्टा, अरुण संघवी, विकास जायसवाल, विनोद चौरसिया, प्रशिक्षक अपारसिंह गंभीर, मुकेश केथवास, रविंद्रसिंह सिसोदिया, दिप्शी ठक्कर एवं जिला बास्केटबॉल संघ के सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

**व्यवस्था का विरोध** | तहसील स्तरीय पर प्रदर्शन कर ई अटेंडेंस एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग

# संयुक्त मोर्चा ने ई-अटेंडेंस के विरोध में दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** संयुक्त मोर्चे के द्वारा चलाए जा रहे तहसील स्तरीय प्रदर्शन अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी को ई अटेंडेंस एवं पुरानी पेंशन बहाली जन शिक्षकों को समय पर वेतन मिलने व अतिथि शिक्षकों को काटा गया मानदेय वापस देने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के पूर्व संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारी बाबूलाल छाबड़ा संजय द्विवेदी, बद्रीलाल मडोतियां, यूनुस जिन्दरान, सौरभ गुप्ता सुनील कोठाने संजय श्रीवास्तव असीम क्षोत्रिय सुभाष शर्मा कैलाशचंद्र कपासिया, सादिक खान, राधेश्याम चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इ अटेंडेंस अ व्यावहारिक तथा अनुचित है इस व्यवस्था को शासन शीघ्र ही वापस ले अन्यथा संयुक्त मोर्चा द्वारा चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किए जाएंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी साथ ही दो माह से जन शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है शीघ्र अतिशीघ्र ही वेतन दिलवाया जाए तथा जिन अतिथि शिक्षकों का मानदेय काटा गया है। उन्हें तुरंत वापस किया जाए। 14 अक्टूबर को जिले में होने वाले ज्ञापन में अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित होकर सभी कर्मचारियों को कर्मचारी एकता का संदेश देना है। अपनी मांग को शासन के समक्ष पुर जोर तरीके से रखना है। ज्ञापन में सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल छाबड़ा ने किया तथा ज्ञापन का वाचन सौरभ गुप्ता द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन मुकेश देवड़ा ने व्यक्त किया।